## संपादकीय

# पैसों की बरसात

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2020 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी गुरुवार को खत्म हो गई। आईपीएल के रोमांच का एक हिस्सा इसमें होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी का भी है। कई दिन पहले से कयास लगने शुरू हो जाते हैं कि इस बार कौन सबसे महंगा बिकेगा या कौन सा अनाम खिलाड़ी अपनी ऊंची कीमत से सबको चौंका देगा। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस इस सीजन के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। इस पेसर को कोलकाता नाइटराइडर्स ने 15 करोड़ 50 लाख की बड़ी राशि में खरीदा। इस तरह वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए।

उन्हें ज्यादा से ज्यादा दाम देकर खरीदने के पीछे कोलकाता नाइटराइडर्स का मकसद अपने बोलिंग अटैक को मजबूत बनाना है, हालांकि भारतीय परिस्थितियों में पेस बोलिंग हर बार कारगर नहीं रहती। शायद इसीलिए टीम के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर ने कहा कि टीम को ऊंचा दांव ऑलराउंडर पर लगाना चाहिए था। वैसे बोलिंग पर पैसे चेन्नई सुपरकिंग्स ने भी खूब लगाए। उसने काफी ऊंची बोली देकर पीयूष चावला को खरीदा। पिछले कुछ वर्षों से आईपीएल टीम इंडिया के संभावित खिलाड़ियों के लिए लॉचिंग पैड बन गया है। इस बार 2020 के टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए इसका महत्व और बढ़ गया है। सबसे ज्यादा ध्यान युवा गेंदबाजों पर रखना होगा क्योंकि टीम के कई बोलर्स अभी चोट से उबर रहे हैं।

भारतीय बल्लेबाजी का मध्यक्रम भी चिंता का विषय रहा है, जिसे युवा खिलाड़ियों से ही भरना ठीक रहेगा। आईपीएल में हर साल कुछ ऐसे युवा सामने आते हैं, जिनकी चमक अलग से दिखती है। इस मामले में भारतीय अंडर-19 टीम के सदस्य यशस्वी जायसवाल का नाम लिया जा सकता है जिन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 2 करोड़ 40 लाख में खरीदा। उन्हें अपने पाले में लाने के लिए मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच कड़ी टक्क र हुई और आखिर में वे राजस्थान के हिस्से गए। यूपी के भदोही जिले के रहने वाले यशस्वी 2011 में अपने चाचा के पास मुंबई आए थे, जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी।

जीवनयापन और क्रिकेट का शौक पूरा करने के लिए यशस्वी को गोलगप्पे बेचने पड़े। कुछ ऐसी ही कहानी कश्मीर के अब्दुल समद की भी है जिन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 लाख रुपये के बेस प्राइस पर अपने साथ जोड़ा है। कश्मीर की विपरीत परिस्थितियों में अब्दुल ने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में जिस तरह अपनी जगह बनाई है, वह सराहनीय है। आईपीएल ने कई खिलाड़ियों का आर्थिक भविष्य संवारकर उन्हें आगे खेलने के लिए तैयार किया है। भारतीय क्रिकेट में दिख रही नई धार का एक कारण यह भी है। और भारत ही नहीं, वेस्ट इंडीज, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के क्रिकेटरों को भी इससे बड़ा सहारा मिला है। उम्मीद है कि इस बार भी आईपीएल अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप देश-दुनिया का मनोरंजन करेगा।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 377 परियोजनाओं की लागत 3.94 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक लागत वाली 377 परियोजनाओं के पूरा होने में देरी तथा अन्य कारणों से इनकी लागत तय अनुमान से 3.94 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक लागत की परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में लागत बढ़ने की जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की 1,635



परियोजनाओं में से 565 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं, जबकि 377 परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। मंत्रालय ने सितंबर 2019 के लिये जारी हालिया रिपोर्ट में कहा, ''इन 1,635 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 19,47,462.67 करोड़ रुपये थी, जिसके बढ़कर 23,41,784.84 करोड़ रुपये पर पहुंच जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इनकी लागत मूल लागत की तुलना में 20.25 प्रतिशत यानी 3,94,322.17 करोड़ रुपये बढ़ी है।'' रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त तक इन परियोजनाओं पर 9,96,613.94 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 42.55 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समय सीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 495 पर आ जाएंगी। मंत्रालय ने कहा कि देरी से चल रही 565 परियोजनाओं में 182 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने की, 129 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 140 परियोजनाएं 25 से 60 महीने की तथा 114 परियोजनाएं 61 महीने या अधिक की देरी में चल रही हैं। इन परियोजनाओं की देरी का औसत 38.41 महीने है।

# भारत के 229वें वनडे खिलाड़ी बने नवदीप सैनी

**कटक ।** दिल्ली के तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को वेस्ट इंडीज के खिलाफ रविवार को यहां तीसरे और अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है और इसके साथ ही वह भारत के 229वें वनडे खिलाड़ी बन गए हैं। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। भारत ने दूसरा मैच जीतने वाली टीम में एक परिवर्तन किया है और चोटिल तेज गेंदबाज दीपक चाहर के स्थान पर सैनी को एकादश में शामिल किया है। वेस्ट इंडीज ने इस मुकाबले में अपरिवर्तित टीम उतारी है।



27 वर्षीय सैनी साल 2019 में भारत के लिए वनडे में पदार्पण करने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। सैनी से पहले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में, विजय शंकर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबोर्न में, शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ हैमिलटन में और शिवम दुबे ने इस सीरीज में वेस्ट इंडीज के खिलाफ चेन्नई में अपना पदार्पण किया था।

## आईडीबीआई बैंक को चौथी तिमाही में त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई व्यवस्था से बाहर निकलने की उम्मीद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के नियंत्रण वाला आईडीबीआई बैंक चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) व्यवस्था से बाहर आ सकता है। पूंजी निवेश और आईबीसी के तहत चल रहे बड़े मामलों में वसूली से बैंक के पीसीए से निकलने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक , हाल में बैंक द्वारा कर्ज देने के संबंध में कुछ प्रतिबंधों में ढील दी गई है। सूत्रों ने कहा कि एस्सार स्टील के समाधान से आ रहे पैसे और भूषण पावर एंड स्टील एवं आलोक इंडस्ट्रीज के समाधान से आने वाली पूंजी की उम्मीदों से बैंक को तीसरी तिमाही और उसके बाद की तिमाही में मुनाफा दर्ज करने की उम्मीद है। पहले ही आईडीबीआई बैंक के शुद्ध एनपीए की सीमा छह प्रतिशत से नीचे आ गई है। यह पीसीए के दायरे में डालने के तीन पैमानों से एक है। बैंक का शुद्ध एनपीए दूसरी तिमाही में गिरकर छह प्रतिशत से नीचे आ गया है। हाल में , आईडीबीआई बैंक में 9,300 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश को मंजूरी दी गई थी।

## तीन आवासीय परियोजनाओं में 850 करोड़ रुपये निवेश करेगी पूर्वांकर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रियल्टी कंपनी पूर्वांकर लिमिटेड बेंगलुरु, चेन्नई और मुंबई में तीन अल्ट्रा लग्जरी आवासीय परियोजनाएं तैयार करने के लिये अगले चार साल में करीब 850 करोड़ रुपये निवेश करेगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह इन परियोजनाओं को वर्ल्डहोम कलेक्शन ब्रांड नाम से बनाएगी। कंपनी अभी पूर्वांकर ब्रांड नाम से अपार्टमेंट तथा प्रोविडेंट ब्रांड नाम से किफायती आवास बेचती है। कंपनी ने कहा कि नये निवेश से वह 22 लाख वर्गफुट में 1,460 आवासीय इकाइयां बनाएगी।

## अल्फाबेट के नए नवेले सीईओ सुंदर पिचई को मिलेगा कुल 1,722 करोड़ का पैकेज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गूगल की पैरंट कंपनी अल्फाबेट का सीईओ पद संभालने वाले भारतीय मूल के सुंदर



पिचई को अगले तीन साल के लिए कुल 1,722 करोड़ रुपये (24.6 करोड़ डॉलर) का पैकेज मिलेगा। किसी भी सर्च इंजन कंपनी के अधिकारी के लिए यह अब तक का सबसे भारी-भरकम पैकेज है। इस पैकेज में 1,680 करोड़ रुपये (24 करोड़ डॉलर) के कंपनी के शेयर तथा 42 करोड़ रुपये (60 लाख डॉलर) की टेक होम सैलरी शामिल है। कंपनी द्वारा शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजार को दी गई जानकारी के मुताबिक, पिचई को साल 2020 से हर साल 14 करोड़ रुपये (20 लाख डॉलर) की सालाना सैलरी मिलेगी। पिचई से पहले अल्फाबेट के सीईओ लैरी पेज थे, जो केवल 1 डॉलर (लगभग 70 रुपये) की सैलरी लेते थे।

अधिकारियों को मिलने वाली सैलरी पर नजर रखने वाली कंपनी इक्विलर के मार्केटिंग मैनेजर अमित बातिश कहते हैं, सीईओ को मिलने वाले वेतन की तुलना करें तो सुंदर पिचई एप्पल के सीईओ टिम कुक से कुछ ही कद दूर हैं। टीम कुक जब ऐपल के सीईओ बने थे तो उन्हें कुल 2,632 करोड़ रुपये (37.6 करोड़ डॉलर) की सैलरी मिली थी। गूगल के फाउंडर्स के बेहद विश्वासप्रद पिचई बीते 15 साल से कंपनी में काम कर रहे हैं और वर्तमान में वह कंपनी के सबसे बड़े चेहरे हैं।

## देश में कच्चे इस्पात का उत्पादन नवंबर में 2.8 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कच्चे इस्पात का उत्पादन नवंबर में 2.8 प्रतिशत घटकर 89.34 लाख टन रहा। यह लगातार दूसरा महीना है जब कच्चे इस्पात का उत्पादन कम हुआ है।विश्व इस्पात संघ (वर्ल्डस्टील) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी। पिछले साल नवंबर में कच्चे इस्पात का उत्पादन 91.92 लाख टन था। वैश्विक संगठन के अनुसार भारत में अक्टूबर 2019 में कच्चे इस्पात का उत्पादन 3.4 प्रतिशत घटकर 90.89 करोड़ टन था। एक साल पहले इसी महीने में उत्पादन 94.08 करोड़ टन था। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर इस्पात



उत्पादन भी नवंबर महीने में एक प्रतिशत कम होकर 14.78 करोड़ टन रहा जो एक साल पहले इसी महीने में यह 14.94 करोड़ टन था। हालांकि दुनिया के सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश चीन का उत्पादन बढ़ा है। वर्ल्डस्टील के मुताबिक नवंबर में चीन का उत्पादन 4 प्रतिशत बढ़कर 8.03 करोड़ टन रहा जो एक साल पहले इसी महीने में 7.72 करोड़ टन था। जापान में कच्चे इस्पात का उत्पादन आलोच्य महीने में 10.6 प्रतिशत घटकर 77.43 लाख टन रहा जो नवंबर 2018 में 86.59 लाख टन था। आंकड़ों के अनुसार अमेरिकी का उत्पादन नवंबर 2019 में 2.2 प्रतिशत घटकर 72.33 लाख टन रहा। एक साल पहले इसी महीने में 73.99 लाख टन कच्चे इस्पात का उत्पादन हुआ था। विश्व इस्पात संघ के सदस्यों की वैश्विक इस्पात उत्पादन में 85 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसमें 160 इस्पात उत्पादक, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय इस्पात उद्योग संगठन और इस्पात शोध संस्थान शामिल हैं।

## बिग बॉस-13 में नजर आएंगी मल्लिका शेरावत, सेट पर जाते हुए शेयर किया विडियो

बिग बॉस-13 में इन दिनों जबदस्त घमासान देखने को मिल रहा है. घरवालों के बदलते समीकरण और लड़ाई-झगड़ों के बीच टास्क और एलिमिनेशन का दौर भी चल रहा है. इस घर में मारपीट के साथ-साथ रोमैंटिक रिलेशनशिप भी देखने को मिले हैं. आए दिन हो रहे बवाल से खुद घरवाले भी परेशान हैं. वहीं इन सबके बीच एक और जबरदस्त धमाका होने वाला. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बिग बॉस के घर में एक और एंट्री होने वाली है. ये एंट्री है एक ऐसी एक्ट्रेस की जो अपनी बोल्डनेस के लिए सुर्खियों में रह चुकी हैं. इस एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर कर इस बात का इशारा भी किया है.



ये एक्ट्रेस बॉलीवुड से काफी समय से गायब हैं, लेकिन अब बताया जा रहा है कि बिग बॉस में एंट्री के साथ वो बॉलीवुड में वापसी की तैयारी भी कर सकती हैं. ये अभिनेत्री और कोई नहीं बल्कि एक वक्त पर अपनी बोल्डनेस के जरिए जबरदस्त चर्चा में रहीं मल्लिका शेरावत हैं. मल्लिका ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर बिग बॉस में एंट्री का इशारा दिया है. मल्लिका इस वीडियो में कार में बैठकर बाय करती दिख रही हैं और इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है- बिग बॉस शूट के लिए निकल रही हूं... कुछ आइडियाज़ हैं? इस वीडियो के साथ कैप्शन में मलाइका ने बिग बॉस 13 को प्रसारित करने वाले कलर्स टीवी और वूट के सोशल एकाउंट को टैग भी किया है. वहीं अब देखना होता है कि बिग बॉस में मल्लिका शेरावत क्या धमाल मचाने पहुंच रही हैं. वहीं बात करें बिग बॉस 13 की तो आसिम रियाज घर के नए कैप्टन बने हैं और घर में जबरदस्त घमासान चल रहा है.

## आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन मिश्रित फलकारक है। बड़े अधिकारी से अनबन नुकसान दायक रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण बनाए रखें। नए संबंध से भाग्य चमकेगा।

वृषभः- आप यदि व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी के गुस्से का शिकरा होना पड़ सकता है।

मिथुनः- आज दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे।

कर्कः- आज आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहें। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी।

सिंहः- आज शत्रुजनित षड्यंत्र, लोकापवाद से बचने का प्रयास करें। अनावश्यक दुः- श्चिन्ताओं से मन क्षुब्ध रहेगा। नई उपलब्धियां कड़ी मेहनत से मिलेगी।

कन्याः- आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

तुलाः- आज आपकी पद, अधिकार की महत्वाकांक्षा अन्तर्विरोध को जन्म देगी। समस्याओं के समयोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशान्ति रहेगी।

वृश्चिकः- आज का दिन कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में व्यतीत होगा। अधिकारी वर्ग से अच्छी साठ-गांठ बनेगी। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ की पृष्ठभूमि भी आज ही बनेगी।

धनुः- किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत रुका धन आश्चर्यजनक रूप से प्राप्त हो जाएगा। इससे आज आपका विश्वास, धर्म एवं आध्यात्म में बढ़ेगा।

मकरः- आज कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा।

कुंभः- आज गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्रदायित्व की वृद्धि अस्थिरता को जन्म देगी। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है।

मीनः- आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति नवम भाग्य भाव में वृश्चिक राशि का होकर तथा चंद्रमा शुक्र की ही दूसरी राशि तुला पर विराजमान है।

## ऋषि कपूर के साथ अगली फिल्म करेंगी दीपिका पादुकोण?

दीपिका पादुकोण की अपकमिंग फिल्म छपाक रिलीज होने के लिए तैयार। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। ट्रेलर को दर्शकों ने काफी तारीफ की। डायरेक्टर मेघना गुलजार की इस फिल्म दीपिका पादुकोण के साथ विक्रांत मैसी भी नजर आएंगी। अब ऐसी खबर है कि दीपिका पादुकोण अपने अगले अनाम प्रॉजेक्ट में उनके साथ ऋषि कपूर नजर आएंगी।



हाल ही रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका पादुकोण और ऋषि कपूर एक प्रॉजेक्ट में नजर आ सकते हैं। बता दें कि दीपिका पादुकोण और ऋषि कपूर फिल्म लव आज कल और ओम शांति ओम में एक साथ काम कर चुके हैं। साथ ही बताते चलें कि ऋषि कपूर के बेटे रणबीर कपूर संग दीपिका पादुकोण रिलेशनशिप में रह चुकी हैं। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण अलग होने के बाद अच्छे दोस्ते है। जब ऋषि कपूर न्यू यॉर्क में अपने कैंसर का इलाज करवा रहे थे, तब दीपिका पादुकोण उनसे मिलने पहुंची थीं।

## फिल्म हेराफेरी 3 को लेकर बोले अक्षय, कोशिश जारी है

अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल स्टारर फिल्म हेरा फेरी बॉलिवुड की हिट फिल्म फ्रैंचाइजी में से एक है। कॉमिडी फिल्मों की बात हो तो इस फिल्म का जिक्र होना तय है। इस



फिल्म में अक्षय, सुनील और परेश के किरदारों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस समय अक्षय कुमार अपनी अगली फिल्म गुड न्यूज के प्रमोशन में बिजी हैं। हाल ही में ऐक्टर ने एक इंटरव्यू में हेरा फेरी 3 के बनने की संभावनाओं पर बात की। ऐसा कहा जा रहा कि अक्षय कुमार ने फिल्म हेराफेरी के सीक्वल पर कहा कि वह इसके लिए कोशिश कर रहे हैं और इससे ज्यादा कुछ नहीं बता सकते। कुछ दिन पहले प्रड्यूसर इंद्र कुमार ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उनसे हेराफरी 3 के लिए संपर्क किया गया लेकिन इससे ज्यादा उन्हें कुछ नहीं पता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार राज मेहता के डायरेक्शन में बनी फिल्म गुड न्यूज में करीना कपूर, दिलजीत दोसांझ और कियारा आडवाणी के साथ नजर आने वाले हैं।

## नाश्ते में बनाएं पौष्टिक पालक चीला

### सामग्रीः

बेसन - 1 कप, पालक - 1 कप बारीक कटा हुआ, तेल - 2 टेबल स्पून, हरी मिर्च - 1 बारीक कटी हुई, अदरक - 1 इंच टुकड़ा कद्दूकस किया हुआ, अजवायन - 1/8 छोटी चम्मच, लाल मिर्च - 1 /8 छोटी चम्मच, नमक - स्वादानुसार

### बनाने की रेसिपीः

**1.** पालक चीला बनाने के लिए सबसे पहले बेसन को किसी बड़े बर्तन में निकाल लें और इसमें थोड़ा पानी डालकर चमचे से चलाते हुए पतला घोल तैयार करें. अब इस घोल में हरी मिर्च, अदरक पेस्ट, अजवायन, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें. इसमें बारीक कटा हुआ पलक डालकर भी अच्छी तरह मिला लें. अब इस घोल को 10 मिनट तक के लिए ढक कर रख दें ताकि ये फूल जाए.

**2.** नॉनस्टिक तवे को गर्म कर इसपर थोड़ा तेल डाल लीजिए. अब तेल को तवे



पर चारों ओर फैला दीजिये, और 2 - 3 चमचा चीला बैटर तवे पर डालकर चीले को चमचे से गोल पतला फैलाइए.

**3.** चीला के चारों ओर चम्मच से थोड़ा थोड़ा तेल डालिये, और थोड़ा सा तेल चीले के ऊपर भी डाल दीजिये.

**4.** तेज और मीडियम गैस पर चीला को नीचे की ओर से हल्की ब्राउन चित्ती आने तक सेक लीजिये, चीला को पलट दीजिये और दूसरी ओर भी ब्राउन चित्ती आने तक सिकने दीजिये, चीला दोनों ओर से सिक गया है, उतार कर प्लेट में रख लीजिये और सारे चीले इसी प्रकार सेक कर तैयार कर लीजिये.

**5.**लीजिए बन चुका है आपका पालक चील. इसे आप दही, अचार या चटनी के साथ सर्व कर सकते हैं।


## शब्द सामर्थ्य- 82

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 81 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | वि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू- 82

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र. 81 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |